Title: Regarding need to take steps to prevent recurring floods in Bihar - Laid.

श्री नवल किशोर राय (सीतामढ़ी) : महोदय, गत वर्ों की भांति इस वर्ा काल में फिर बिहार राज्य के 24 जिले बाढ़ के पानी से तबाह हुए, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, मोतीहारी, बेतिया, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, सहरसा, सुपौल, कटिहार, सीवान, गोपालगंज इत्यादि जिले कोशी, बूढ़ी गंडक, बागमति, अधवारा समूह नदियों की बाढ़ के कारण अपार जन-धन की हानि के शिकार बने हैं। इन सभी प्राय: नदियों का उदगम स्थान नेपाल का पहाड़ी क्षेत्र है और इस पहाड़ी क्षेत्र से उत्तर बिहार के सीधे मैदानी भाग में इनका प्रवेश हो जाता है। अत: बिहार के मैदानी भाग की हानि को रोकने के लिए नेपाल का सहयोग समस्या समाधान में आवश्यक है। नेपाल से वार्ता कर शीशापानी एवं कोशी नदी पर सप्तकोशी में बांधों का निर्माण कराया जाना चाहिए ताकि नदियों के प्रवाह को रोका जा सके, साथ ही साथ इन नदियों को गहरा किया जाए। साथ ही इन नदियों के बेसिनों को परस्पर एक दूसरे नहरों के माध्यम से जोड़ा जाए तथा इन नदियों पर पुराने तटबन्धों को मजबूत किया जाए और नए तटबंध बनाए जाएं ताकि नदियों के प्रवाह के कारण भूमि कटाव पर अंकुश लगे।